# 17 फरवरी से 26 फरवरी तक लगेगा पचमढ़ी का सुप्रसिद्ध महादेव मेला

## कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मेले की सभी तैयारियां 15 फरवरी तक पूर्ण करने के दिए निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश के सुप्रसिद्ध हिल स्टेशन एवं पर्यटन स्थल पचमढ़ी में इस वर्ष 17 फरवरी से 26 फरवरी तक महादेव मेला आयोजित किया जाएगा। नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने बुधवार को पचमढ़ी में महादेव मेले की तैयारियों की समीक्षा की। पचमढ़ी स्थित चंपक बंगलो होटल में प्रशासनिक अधिकारियों सहित मेला समिति सदस्य, एवं मंडलों की उपस्थिति में महादेव मेला की तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत द्वारा मेले की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गईं। उन्होंने बताया कि मेले में मध्य प्रदेश और विशेषकर महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मेला अवधि में लगभग 5 से 6 लाख श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचते हैं।

ट्रैफिक, पार्किंग, वाहनों के लिए रूट एवं उनके परिचालन के लिए बनाएं सुव्यवस्थित कार्ययोजना बैठक में बताया गया कि पूर्व वर्ष की तरह इस बार भी पचमढ़ी में बड़ी बसों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जिसके लिए मटकुली पर एक चेक पॉइंट बनाया जाएगा। साथ ही पगारा के पास भी एक चेक पॉइंट रहेगा। इस प्रकार दोनों चेक पॉइंट के माध्यम से वाहनों का प्रबंधन किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री मीना ने ट्रैफिक पुलिस सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान ट्रैफिक का बेहतर प्रबंधन किया जाए। चिन्हित पार्किंग स्थलों पर भी पर्याप्त रोशनी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी रहें।

# लॉटरी सिस्टम से वितरित की ठेले वालों को जगह स्ट्रीट वेंडर्स ने माना आभार

## देर शाम सीएमओ ने दल बल के साथ किया मेले का निरीक्षण



नर्मदापुरम (निप्र)। संत शिरोमणी श्री रामजी मेले में फुटपाथ पर बैठे दुकानदारों को लाटरी सिस्टम से जगहों का आवंटन किया गया। करीब 52 दुकानदारों को जगह का आवंटन लाटरी सिस्टम से किया गया है। साथ ही शाम को अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने पुलिस बल के साथ फुटपाथ पर बैठे दुकानदारों को हटाकर यातायात व्यवस्था सुगम कराई गई। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादवए पार्षदगण और अतिक्रमण दल उपस्थित रहा। दुकानदारों में लाटरी सिस्टम से वितरित की गई जगह को लेकर बेहद खुशी देखी गई।

### सीएमओ ने किया देर शाम निरीक्षण


मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले मेला प्रभारी और एआरआई के साथ समूचे मेला स्थल का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही पर्चियां भी चैक की गई हैं। शेष बची दुकानों की रसीद चैक की जाएंगी। इस अवसर पर उपयंत्री प्रतिमा बेलियाए योगेश सोनी सहित नगरपालिका का स्टाफ उपस्थित रहा। आवंटित दुकानों की रसीद प्रतिदिन चैक की जाएंगी।

### व्यवस्थाएं बनवाई जा रही हैं

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा दुकानदारों से कहा गया है कि मेला मैदान पर वे दुकानों का सामान सड़क पर न रखें। जितनी जगह आवंटित की गई है उतनी ही जगह में अपना व्यवसाय करें। इससे यातायात सुगम होगा और मेले में श्रद्धालुगण आसानी से घूम सकेंगे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति समारोह कल

## कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष ने की अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील



नर्मदापुरम (निप्र)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, मूर्धन्य पत्रकार, कवि, लेखक, समाजसेवी स्व. श्री विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में 14 फरवरी को दोपहर 12 बजे नर्मदा महाविद्यालय के आडिटोरियम में सम्मान समारोह आयोजित होगा। इस समारोह में शहर व क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों व कायस्थ समाज के सभी भाईयो बहनों से कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र नाथ श्रीवास्त्वव ने समय पर शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान, कर्मठ राजनीतिज्ञ सम्मान, पत्रकारिता सम्मान, समाजसेवी सम्मान, साहित्यसेवी सम्मान, पत्र छायाकार सम्मान, के साथ ही गंगाप्रसाद श्रीवास्तव स्मृति कुशल प्रशासक सम्मान, विजय गुप्ता स्मृति विधि सेवी सम्मान और जन संचार सेवी सम्मान होगा। समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा करेंगे। साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजवादी विचारक व राजनेता रघु ठाकुर, नपाध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव मौजूद रहेंगे। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों का सम्मान होना है। हमारी समाज के गौरव की स्मृति में आयोजित विशिष्ठ समारोह में आप सभी की गरिमामय उपस्थिति कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में मनाई रविदास जयंती

सीहोर। अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रमांक 11 के डॉ. अम्बेडकर नगर के रविदास मंदिर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में रविदास जयंति मनाई गई। सर्वप्रथम राजीव गुजराती द्वारा रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की तथा उन्होने रविदास जयंति पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त भेदभाव से उठकर कार्य करने का प्रयत्न किया। संतजी ने भक्ति और साधना कर प्रभु की पूजा की। वह संत कवि और भगवान के भक्त थे। उपस्थितजनों को रविदास जी के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थितजनों में डॉ.अनीस खान मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री, सीताराम भारती, राजाराम बड़े भाई, पूर्व पार्षद श्रीमति आरती नरेन्द्र खंगराले, प्रीतम दयाल चौरसिया, पार्षदगणों में विवेक राठौर, एस.के.फरेला, घनश्याम यादव, अम्बेडकर धर्मशाला के अध्यक्ष नीरज जाटव जोंटी, सुनील दुबे, रमेश गुप्ता, प्रवेश परिहार, धर्मप्रकाश आर्य, पन्नालाल खंगराले, भगत सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

# चमक अभियान: प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु विशेष निर्देश

## शिक्षा विभाग ने किया शिक्षा में कमजोर छात्रों के लिए विशेष अभियान का शुभारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। शासन ने कक्षा 10 के प्री बोर्ड परीक्षा में एक या दो विषयों में कम अंक से असफल होने वाले छात्रों के लिए विशेष कदम उठाने का निर्णय लिया है। चमक अभियान के तहत, ऐसे छात्रों की सहायता के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ताकि वे बोर्ड परीक्षा में सफल हो सकें।जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस अभियान के तहत निम्नानुसार कार्ययोजना तैयार की गई है।

### विशेष प्रशिक्षकों का सहयोग

जिले के विषयवार मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया गया है कि वे 13 फरवरी 2025 से शुरू होकर सप्ताह में तीन दिन इन छात्रों को परीक्षा में सफलता के टिप्स दें। यह कार्य संबंधित स्कूलों के विषय शिक्षकों के साथ मिलकर किया जाएगा, जिससे छात्रों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्राप्त हो सके।

### विज्ञान विषय के लिए तैयारी

चमक अभियान के तहत कक्षा 10 के विज्ञान विषय के लिए तैयार की गई पीडीएफ में प्रत्येक अध्याय से महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्न, रिक्त स्थान और सही जोड़ी के सवाल शामिल किए गए हैं। प्राचार्य और संबंधित विषय शिक्षक इन सवालों का अभ्यास करवाकर छात्रों की मदद करेंगे, ताकि वे बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकें।

### गणित विषय की विशेष तैयारी

कक्षा 10 के गणित विषय के लिए 14 यू-ट्यूब वीडियो तैयार किए गए हैं, जिनकी अवधि 20 से 25 मिनट है। इन वीडियो का उपयोग शिक्षक और प्राचार्य करेंगे, ताकि छात्रों की समस्याओं का समाधान हो सके और उन्हें परीक्षा में सफलता प्राप्त हो सके। वीडियो के द्वारा छात्रों का टेस्ट भी लिया जाएगा, जो इस प्रक्रिया का हिस्सा होगा।

### नाम और संपर्क विवरण भेजने का निर्देश

प्राचार्यो को निर्देशित किया गया है कि वे उन छात्रों की सूची, जिनकी परीक्षा परिणामों में सुधार की आवश्यकता है, छात्र/छात्राओं के मोबाइल नंबर सहित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के ईमेल deostenondpm@gmail.com पर शीघ्र ही भेजें।

# अमित दीवान आत्महत्या के मामले में ब्राम्हण समाज ने आई कार्यालय में ज्ञापन दिया

नर्मदापुरम (निप्र)। 2 फरवरी को घटित अमित दीवान की षड्यंत्र पूर्वक आत्महत्या केस में आज दस दिन बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस की कार्यप्रणाली से रुष्ट ब्राह्मण समाज संगठन के पदाधिकारीगणो ने पीडित परिवार के सदस्यों को साथ लेकर पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम को ज्ञापन देकर केस की जानकारी देकर त्वरित कार्रवाई के लिए प्रार्थना की जिसे पुलिस महानिरीक्षक नें गंभीरतापूर्वक लेते हुए तुरंत पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम को दूरभाष पर निर्देशित कर केस में कडी कार्रवाई करने के लिए आदेशित किया जिससे ब्राह्मण समाज मे फिलहाल संतोष हुआ व आशा बंधी है आने वाले समय में अपेक्षित कार्रवाई ना होने की दशा में आदोलन और कडा होने की संभावना भी बनी हुई है।

# संस्कार भारती ने मनाई नाट्यशास्त्र रचयिता भरतमुनि की जयंती



नर्मदापुरम (निप्र)। संस्कार भारती नर्मदापुरम ने नाट्य शास्त्र के प्रणेता महर्षि भरतमुनि की जयंती सेठानी घाट स्थित सरगम सांस्कृतिक संस्था में आयोजित की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माँ एवं भरतमुनि के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ कृष्णगोपाल मिश्र ने कहा कि दो हजार वर्ष पूर्व भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में निर्देशित किया था कि रंगमंच पर आपराधिक हिंसक एवं अशलील दृश्य न दर्शाए जाएं इससे समाज में आपराधिक वृतियाँ बढ़ती हैं। भरतमुनि का यह नाट्य निर्देश फिल्मों और धारावाहिकों के प्रदर्शन की स्वीकृति में भी आज के सेंसर बोर्ड के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शी सिद्धांत है।

विशिष्ट वक्तव्य देते हुए युवा साहित्यकार एवं प्राध्यापक डॉ संतोष अहिरवार ने भरतमुनि के कालगणना पर तार्किक विवेचन प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय वक्तव्य में नगर श्री गिरिमोहन गुरु ने भरतमुनि के रससूत्र की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि आधुनिक काल में संगीत में प्रयुक्त 22 श्रुतियों का उल्लेख भी नाट्यशास्त्र में ही मिलता है जो सङ्गीत का आधार है। वरिष्ठ कवि सुभाष यादव ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम का समापन सरगम सांस्कृतिक संस्था के विद्यार्थियों द्वारा भजनों की प्रस्तुति से हुआ। संगोष्ठी का संचालन संस्कार भारती के महामंत्री हर्ष तिवारी एवं आभार प्रदर्शन सह.महामंत्री सुयश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में पंकज चौधरी, जुगल किशोर, खुशहाल मेहरा नितिन शाक्य अनिल बनोरिया सोहन सिंह देव्यानी प्रियांशी वैभवी चंद्रशेखर प्रजापति एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संत रविदासजी ने जात-पात के भेदभाव को खत्म करने की शिक्षा दी, आज इसकी महत्ती आवश्यकता है : जसपाल सिंह अरोरा

सीहोर (निप्र) । महान संत रविदास जयंती के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने सीहोर के अंबेडकर नगर गंज स्थित संत रविदास जी के मंदिर में पहुंचकर पूजा की एवं उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस दौरान अरोरा मित्र मंडल के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने संत रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास जी का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था। उन्हें रैदास और रूहिदास के नाम से भी जाना जाता है। संत रविदास जी एक कवि, समाज सुधारक और आध्यात्मिक व्यक्ति थे। वे भक्ति आंदोलन के एक प्रमुख संत थे। उन्होंने जात-पात के भेदभाव को खत्म करने की शिक्षा दी।उन्होंने लोगों को एकजुट होने के लिए प्रोत्साहित किया। आज हमारे समाज में इसकी महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने व्यक्तिगत आध्यात्मिक स्वतंत्रता की खोज में एकता को बढ़ावा दिया। उनके भक्ति छंद सिख धर्मग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल किए गए हैं। उनके संदेशों ने कई लोगों को आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित किया और समाज में विकास के लिए एक नई दिशा दी।उनकी याद में कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं हैं।

# मोक्ष प्राप्ति का साधन है योग- रघुवीर आर्य

नर्मदापुरम (निप्र)। योगाचार्य रघुवीर सिंह राजपूत के महाकुम्भ प्रयागराज से लौटने पर ग्राम वासियों ने स्वागत सम्मान कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर अवसर पर यज्ञ किया गया। योगाचार्य द्वारा महाकुंभ में स्थित योग शक्ति साधना आश्रम में योग का प्रशिक्षण दिया। योगाभ्यास करते हुए श्रद्धालुओं को आसन प्राणायाम सूर्य नमस्कार एवं ध्यान का अभ्यास कराया करते हुए कहा आप सभी यहां महाकुंभ में संगम तट पर अपने जीवन के कल्याण एवं मोक्ष की इच्छा से प्रयागराज पधारे हैं परमपिता परमात्मा को प्राप्त करने का साधन ऋषि मुनियों ने योग बतलाया ऋषि मुनियों के वेद धर्म आध्यात्मिक प्रवचनों को सुनकर ज्ञान कर्म उपासना, योग यज्ञ और सत्संग रुपी त्रिवेणी स्नान करता है और शास्त्रों के अनुकूल जीवन में व्यवहार करता है उसका मोक्ष होता है। धर्म अध्यात्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए महाकुंभ में देश.विदेश के सभी संत महात्मा हमें वैदिक सनातन धर्म और आध्यात्मिक के पथ पर चलने की प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं हमें उनके चरणों में बैठकर आध्यात्मिक ज्ञान को जीवन के कल्याण के लिए प्राप्त करना चाहिए और त्याग तपस्या पूर्वक जीवन व्यतीत करते हुए ईश्वर के नाम एवं गुणों का ध्यान करना चाहिए। महाकुंभ में योगाचार्य जी के सुपुत्र देवराज शास्त्री जी ने भी संगम तट पर श्रद्धालुओं को योग का प्रशिक्षण दिया। शिविर में प्रमुख रूप से अभिषेक सिंह संदीप सिंह तीरथ सिंह अर्पित गौर मंगल यादव पुष्पा राजपूत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष आज करेंगी आरी एवं माखननगर मंडल के पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात

नर्मदापुरम (निप्र)। 13 फरवरी दिन गुरुवार को भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमति प्रीति शुक्ला सोहागपुर विधानसभा के आरी एवं माखन नगर मंडल में सभी कार्यकर्ताओंए पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा करेंगी। जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित ने बताया कि श्रीमती प्रीति शुक्ला सुबह 11 बजे आरी मंडल के ग्राम आंचलखेड़ा एवं दोपहर 12 बजे माखननगर में भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों एवं आमजनों से मुलाकात करेंगी।

# द चैम्प्स फन स्कूल में कराते बेल्ट परीक्षा आयोजित हुई

## बच्चों को बेल्ट दिए गए



नर्मदापुरम (निप्र)। द चैम्प्स फन स्कूल में को डमीका कराते बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें वरीयता के अनुसार बेल्ट परीक्षा ली गई जिसमें विद्यालय में कराते सीख रहे प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस परीक्षा में काता और बेसिक टेक्नीक का परीक्षण किया गया कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने बच्चों को बेल्ट वितरित किए। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कराते ना केवल आत्मरक्षा का माध्यम है बल्कि यह आत्मविश्वास का भी विकास करता है परीक्षा में 11 बच्चे विनायक मीना आनंद नवलानीए रुद्विक ठाकरे, गालव राजोरिया, अथर्व मीनाए अबू बकर, निर्भी तोमर, रुद्राक्ष मालवीय, अवयुक्त शर्मा, शौर्य खत्री, शिवाय श्रोती, आरांश यदुवंशी व अथर्व केवट ने सीनियर व्हाइट बेल्ट प्राप्त की येलो बेल्ट में 19 बच्चों ने शिवन्या सोलंकी, वेदांत मालवीय, शौर्य सागर, वेद शर्मा, मीत कदम, पीहू कदम, ध्रुव मालवीय, पाखी गौर, काव्या घुरेले, अश्वत सिंह, तन्मय यादव, सूर्यकांत यादव, प्रत्याश जिनोदिया, श्रीमंत पटेल, श्रदुल लुहारे, युवान यदुवंशी, अयान यादव, ऑरेंज बेल्ट जो बच्चों ने जिसमें अद्वैत तिवारी, विवान श्रीवास, मन दुबे प्रांजल चौहान विवान शर्मा, तनिष्क यादव, सुयश शर्मा, जितेंद्र अहिरवार को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर शाला प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने कहा यह परीक्षा हमारे छात्रों के कठोर परीक्षण और समर्पण का प्रमाण है सभी सफल छात्रों को नई बेल्ट वह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया व उनका उत्साह वर्धन किया गया। परीक्षा में कोच सेंसाई ब्लैक बेल्ट थर्ड डेन रवि साहू उपस्थित रहे।

# टमाटर की सुर्खी गायब, खरीदारों का टोटा, किसानों का गाड़ी भाड़ा नहीं निकल रहा

### थोक मंडी में 2 से 5 रुपए किलो, 4 महीने पहले 100 पार थे दाम

इंदौर(आरएनएस)। देशभर में टमाटर की बंपर फसल का उत्पादन हो रहा है। किसानों ने भी पिछले वर्ष दामों को तेजी पर चढ़ते देखा तो दो से तीन गुना रकबे में टमाटर की फसल लगा दी। पिछले वर्ष 100 से 160 रु. किलो तक बिकने वाला टमाटर आज किसानों को मंडी तक पहुंचाने का भाड़ा भी नहीं दिला पा रहा है। इंदौर की थोक मंडी में टमाटर के दाम 2 से 5 किलो चल रहे हैं।

इंदौर के आसपास के100 से 125 किलोमीटर के साथ शिवपुरी में टमाटर की बंपर पैदावार हो रही है।

अकेले मध्यप्रदेश में ही डेढ़ लाख कैरेट टमाटर खेतों में तैयार है, लेकिन मंडियों में दाम लुढक़ने से किसानों का गाड़ी भाड़ा नहीं निकल रहा और किसान टमाटर की तुड़वाई भी इस समय नहीं कर रहे हैं। यह हाल महाराष्ट्र, उत्तर व दक्षिण भारत का भी है। यहां भी किसानों ने बंपर टमाटर की फसल लगा रखी है। देशभर में टमाटर के खरीदार नहीं मिल रहे हैं, इसलिए किसान की लागत नहीं निकल पा रही है।

# पीएमश्री कार्यक्रम के तहत स्कूलों द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी

सीहोर,(आरएनएस)। शासन के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश में पीएमश्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) कार्यक्रम का छठवें चरण की शुरुआत हो रही है। वर्तमान में प्रदेश में 692 पीएमश्री विद्यालय स्वीकृत हुए हैं। छठवें चरण का उद्देश्य राज्य के शेष विकासखण्डों में शैक्षिक बुनियादी ढांचे का विस्तार करना है, ताकि कोई भी विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहे। पीएमश्री पहल उन्नत शिक्षा सुविधाओं, आधुनिक शिक्षण उपकरणों और समग्र विकास माहौल प्रदान करके शैक्षिक परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण रही है।

छठवें चरण की चयन प्रक्रिया के तहत स्कूलों द्वारा इसके आवेदन के लिए 10 फरवरी 2025 को ऑनलाइन चैलेंज पोर्टल ओपन होगा। स्कूलों द्वारा इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी 2025 है। इसी प्रकार जिला स्तरीय सत्यापन 19 फरवरी तक एवं राज्य तथा केंद्र शासित क्षेत्र स्तरीय सत्यापन एवं अनुमोदन 23 फरवरी तक संपन्न होगा। इसके पश्चात 28 फरवरी तक फाइनल सिलेक्शन किया जाएगा। स्कूलों का चयन ऑनलाइन चैलेंज पद्धति के माध्यम से किया जाएगा, जहां वे स्वयं आवेदन करेंगे। विद्यालयों को चयनित होने के लिए शहरी क्षेत्रों के स्कूलों को 70 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों को 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। प्रत्येक विकासखण्ड या शहरी क्षेत्र से अधिकतम 02 विद्यालयों माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का चयन किया जाएगा।

### खाली पेट फायलेरिया की दवा से कुछ छात्राओं की हालत बिगड़ी

भोपाल (आरएनएस)। फायलेरिया की दवा खाने के बाद कुछ छात्राओं को चक्कर आदि की समस्या आई है,जिसकी खबर विद्यालय प्रबंधन को दी गई और उन्होंने सिविल सर्जन से तत्काल बात की,जिसके बाद फायलेरिया की दवा खिलाने से रोक दिया गया है।बताया जाता है कि जिन छात्राओं को दवा खाने के बाद समस्या आई है,वो कक्षा आठवी की छात्राएं बताई जा रही है।दरअसल गर्ल्स स्कूल में सुबह की पाली में महिला स्वास्थ्य कर्मी दोपहर करीब 1 बजे दवा का सेवन कराने विद्यालय पहुंची थी,सम्भावना जताई जा रही है कि खाली पेट दवा सेवन से छात्राओं को समस्या हुई होगी।मध्याह्न भोजन होने के बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे के बाद छात्राएं दवा खाती तो शायद समस्या नही होती।विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि फायलेरिया दवा के सेवन कराने से एक दिन पूर्व स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी देनी चाहिए,जिससे विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को खान पान अच्छे से करने की नसीहत दी जाती,परन्तु बिना किसी जानकारी के विद्यालय में आकर खाली पेट दवा सेवन से छात्राओं की स्थिति बिगड़ी है,हालांकि समय रहते प्राचार्य एल एस मरकाम ने छात्राओं को तत्काल पानी पिलाकर कुछ देर शांति से बैठने की नसीहत दी जिसके कुछ देर बाद छात्राएं सामान्य हुई।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com